TRUTH CENTERED TRANSFORMATION

MODULE 1



सम्पूर्ण सेवकाई का परिचय

छात्र पुस्तिका

Reconciled World

पाठ 2: परमेश्वर के स्वरूप में निर्मित

उत्पत्ति 1: 26-27 पढ़िए।

- मानव बाकी सृष्टि से अलग कैसे हैं? परमेश्वर ने मनुष्यों के लिए अपने किस प्रारूप का प्रयोग किया?

- परमेश्वर कि वे कौनसी विशेषताएं हैं जो मनुष्यों में देखी जा सकते हैं? अधिक से अधिक को पहचानें।

उत्पत्ति 1: 26-27 पढ़िए।

- मानव बाकी सृष्टि से अलग कैसे हैं? परमेश्वर ने मनुष्यों के लिए अपने किस प्रारूप का प्रयोग किया?
- परमेश्वर कि वे कौनसी विशेषताएं हैं जो मनुष्यों में देखी जा सकते हैं? अधिक से अधिक को पहचानें।

छोटे समूह में चर्चा

- ऐसे कौन से लोग हैं जो आम तौर पर वंचित रह जाते हैं?

- कुछ तरीके क्या हैं जिनसे हम लोगों को दिखा सकते हैं कि वे परमेश्वर के लिए महत्वपूर्ण हैं?

पाठ 4: तालिका लूका 2:52

संदर्भ	यीशु की उन्नत्ति के क्षेत्र			
उन्नत्ति के लिए	बुद्धि	शारीरिक	आत्मिक	सामाजिक
स्वयं				
परिवार				
कलीसिया				
समुदाय				

पाठ 5: सहायता के तरीकों की तालिका

परिस्थिति	वे तरीके जिनके द्वारा कलीसिया सहायता कर सके
भूखा होना	
प्यासा होना	
नगांपन	
घर न होना	
बीमार होना	
बंधन में होना	

पाठ 6: पासबान वोंग

एक बड़े शहर की झुग्गियों में एक छोटी कलीसिया के पासबान थे। उनका नाम वोंग था। वोंग कुछ समय पहले ही इस समुदाय में आए थे क्योंकि उन्हें ऐसा लगा था कि परमेश्वर ने उन्हें वहाँ भेजा है। कलीसिया छोटी थी – जिसमें लगभग 40 लोग थे। उन में ज़्यादातर स्त्रियां और बच्चे थे। वोंग के पास दो नौकरियां थीं। वह अपने छोटे से झुंड की देखभाल करने की पूरी कोशिश करता, और अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों का पालन पोषण करने के लिए दूसरी नौकरी भी कर रहा था।

एक दिन, अपनी प्रतिदिन की आदत के अनुसार, वह भोर के समय परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत समय बिताने के लिए एक घंटा पहले उठ गया। वह उठे, तैयार हुए, और उस पर्दे के पीछे से चुपचाप निकाल गए जिससे उनके कमरे को दो भागों में बांटा गया था। घर का स्थान उस क्षेत्र से अलग था जहां उनकी पत्नी और बच्चे सो रहे थे। उसने अपने मिट्टी के दीपक में तेल डाल कर जलाया। वह अपनी बाइबल से पढ़ने लगा। इस विशेष सुबह, वह यशायाह के अध्याय 58 में से पढ़ रहा था, और परमेश्वर की उस पुकार को सुन रहा था कि वह कैसी आराधना चाहता है:

जिस उपवास से मैं प्रसन्न होता हूं, क्या वह यह नहीं, कि, अन्याय से बनाए हुए दासों, और अन्धेर सहने वालों का जुआ तोड़कर उन को छुड़ा लेना, और, सब जुओं को टूकड़े टूकड़े कर देना? क्या वह यह नहीं है कि अपनी रोटी भूखों को बांट देना, अनाथ और मारे मारे फिरते हुओं को अपने घर ले आना, किसी को नंगा देखकर वस्त्र पहिनाना, और अपने जातिभाइयों से अपने को न छिपाना?

वोंग उस भाग से आगे नहीं बढ़ पाए। उनके हृदय और मन के बीच संघर्ष हो रहा था। यदि परमेश्वर गरीबों की इतनी चिंता करते हैं, तो वोंग ने स्वयं को गरीबी और पीड़ा के बीच क्यों पाया जिसके कारण वे हृदय में खेदित हुए? वह जानते थे कि कैसे उनके समुदाय के लोग जीवित रहने के लिए संघर्ष करते हैं। वे वास्तव में प्रताड़ित थे। वोंग के स्वयं के पास अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए मुश्किल से पर्याप्त होता थे और अक्सर वे अपनी जरूरत की दवाई तक नहीं खरीद पाते थे। उन्होने सोचा, “परमेश्वर कहाँ है? यह वचन का भाग इस समुदाय की जरूरतों के लिए कैसे उपयुक्त ठहराया जा सकता है?”

जब वह इन विचारों से जूझ रहे थे, उन के दरवाजे पर एक शांत दस्तक हुई। "इतनी सुबह कौन हो सकता है?" वोंग ने सोचा। वह दरवाजे पर गए। "कौन है?" दूसरी तरफ की आवाज ने कहा, "मैं यीशु हूँ, वोंग।" "कौन?" वोंग ने पूछा। "मैं यीशु, वोंग," आवाज का उत्तर आया। "आप वास्तव में कौन हैं?" वोंग ने पूछा। आवाज ने उत्तर दिया, "वोंग, मैं यीशु हूं। मैं इसलिए आया हूं क्योंकि मैंने तुम्हारे हृदय की वेदना को सुना है। मैं चाहता हूं कि तुम मुझे दिखाओ कि तुम्हें कौन सी बात परेशान कर रही है।”

आवाज वास्तविक लग रही थी। वोंग ने सावधानी से कुंडी खोल दी और दरवाजा खोल दिया। उस समय अभी भी अंधेरा था और वोंग केवल एक छाया या आकार को देख पा रहा था, लेकिन ऐसा लग रहा था जैसे उसने यीशु के होने की कल्पना की थी। "आओ, प्रभु," वोंग ने कहा। "नहीं, वोंग, मैं चाहता हूं कि तुम मुझे अपने समुदाय में ले जाओ और मुझे वह दिखाओ जो तुम्हारे हृदय को तोड़ रहा है।" फिर भी आश्चर्य हुआ,

वोंग ने सहमति व्यक्त की, चेतावनी देते हुए उसने कहा, "हमें सावधानी से चलना होगा - यहाँ बहुत बारिश हो रही है, बहुत सारा कचरा है, और हमारे पास अधिक शौचालय नहीं हैं।"
जब वे समुदाय की सड़कों से गुजर रहे थे, तो वोंग ने यीशु को उन घरों की कहानियां सुनाईं जहां से वे गुज़र रहे थे। उने में से एक में एक महिला रहती थी जो अपने बच्चों को खिलाने के लिए स्वयं को बेचती थी। उससे अगली झोंपड़ी में एक शराबी पति था जो जब भी शराब पीता था तब अपनी पत्नी और बच्चों को मारता था – जो अक्सर होता रहता था। वहीं पर उस समुदाय के प्रधान का घर था, को एक भ्रष्ट व्यक्ति था, जिसने समुदाय के लिए बिजली प्राप्त करने के वायदे से पैसे लिए — और उससे शराब पी और उसे जुए में हार गया।

समुदाय के बीच में वे खुले स्थान से गुजरे। वह सामुदायिक वर्ग माना जाता था, लेकिन वह दुर्गंध वाले कचरे और बदबूदार चूहों से भरा हुआ था। "उस घर को देखें?" वोंग ने उस पहाड़ी के किनारे की एक झोंपड़ी की ओर इशारा करते हुए कहा। "वहाँ एक स्त्री और चार बच्चे रहते हैं। छत बुरी तरह से टपकती है। वे बहुत निर्धन हैं। उनके पास खाने या पहनने के लिए बहुत कम है, और वे लगभग हमेशा बीमार रहते हैं।" उस समय तक वे दोनों पहाड़ी के किनारे पर थे जिस पर समुदाय बनाया गया था। वोंग ने दूरी के बारे में बताते हुए कहा। "वहाँ नीचे रास्ता है - जहां वह स्त्री और बच्चे पानी भरने जाते हैं। इस क्षेत्र में कोई भी पानी नहीं है।"

वोंग ने कोने से मुड़ना शुरू कर दिया, लेकिन उसने रोने की आवाज़ को सुना। उसने आवाज की ओर देखा। वह यीशु था - यीशु रो रहा था! वोंग वह देख पा रहा था कि वही चीजें जिसने उसके अपने हृदय को तोड़ दिया, उसने यीशु के हृदय को भी तोड़ा। वोंग ने बोलना शुरू किया, लेकिन यीशु ने बाहर पहुंचकर वोंग के चारों ओर अपना हाथ रखा, उसे देखा, और कहा, "वोंग, मैं तुम्हें तुम्हारे समुदाय के लिए अपनी इच्छा को दिखाना चाहता हूँ।"

अचानक, वोंग ने स्वयं को समुदाय की ओर देखते हुए पाया। यीशु ने बोलना शुरू किया, और वोंग उन चीजों को देख पा रहे थे जो यीशु ने वर्णित की थीं - वे हो रही थी! यीशु ने वोंग की कलीसिया में लोगों के विषय में बात की - वे भी निर्धन थे – जो अपने निर्धन पड़ोसियों के साथ अपनी चीजों को बाँट रहे थे। प्रतिदिन, उन्होने थोड़े से चावल बचाए और उसे डब्बे में डाल दिया। सप्ताह के अंत में, उनमें से प्रत्येक के पास चावल का एक पूरा डिब्बा था, जिसे वे यीशु के नाम से उन सामुदायिक लोगों के साथ, जिनके पास उनसे कम था बांटने के लिए कलीसिया में लाए थे। उन्होंने वैसा ही साबुन के साथ भी किया। कलीसिया की स्त्रियाँ समुदाय में विधवाओं के घर गईं और उन्हें "अपनाया", और उन को धोने, खाना पकाने और बच्चों की देखभाल करने में मदद जब वे बीमार होती थी।

यीशु ने रोजगार के विषय में बात की, और वोंग यह देख पा रहा था कि लोगों के पास काम था। उन के पास उच्च-भुगतान वाली नौकरियां नहीं थी, लेकिन ऐसी नौकरियां थी जो उन्हें आत्म सम्मान प्रदान करती हैं और बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त भुगतान करती हैं। यीशु ने घर के विषय में बात की, और वोंग ने उन झोपड़ियों को देखा जो ठंड और बारिश में घरों में बदल रही थी। वे बहुत बढ़िया घर नहीं थे, लेकिन ऐसे घर थे जो सुरक्षित और साफ थे। यीशु ने पानी के विषय में बात की, और अचानक रणनीतिक स्थानों पर खड़ा पाइप था जहां स्त्रियों और बच्चों को साफ पानी मिल रहा था। यीशु ने स्वच्छता के विषय में

बात की, और वोंग ने देखा कि हर घर के लिए तो शौचालय नहीं थे, लेकिन इतने थे कि हर कोई उनका इस्तेमाल कर सकता था। और समुदाय के केंद्र में जो कचरे का ढेर था वह चला गया। इसके बजाय, वहाँ कुछ पेड़ थे, और गेंद को मारते हुए और खेलते हुए बच्चे थे। यीशु ने रूपांतरित जीवनों के विषय में बात की, और वोंग ने देखा कि जो स्त्री पहले अपने शरीर को बेच रही थी, वह अब अपने बच्चों को एक सम्मानजनक नौकरी के साथ संभाल रही थी। वह शराबी व्यक्ति अब एक प्रेम करने वाला पति और पिता था। वह अध्यक्ष बेईमानी से धन का उपयोग नहीं कर रहे था लेकिन वास्तव में समुदाय की मदद कर रहा था।

तब यीशु ने कहा, "वोंग, कलीसिया को देखो!" वोंग ने देखा। वह भरा हुआ था। वहाँ पुरुष थे! लोग खुश थे। वे परमेश्वर भलाई के लिए उनकी स्तुति कर रहे थे। वहाँ वोंग थे, जो उपदेश, शिक्षा के द्वारा और अपने लोगों की आत्मा में और आज्ञाकारी प्रेम के कार्यों के साथ अगुआई कर रहे थे। यीशु ने समझाया, "वोंग, यह दर्शन तुम्हारे समुदाय के लिए मेरी इच्छा है। मैं चाहता हूं कि तुम इस दर्शन को बताओ और लोगों को इसकी ओर ले जाना शुरू करो।

वोंग ने विरोध करना शुरू कर दिया, "लेकिन, परमेश्वर, हम इतने निर्धन हैं!" "वोंग," ने यीशु से चुपचाप पूछा, "लाल सागर के पार इस्राएल के लोगों की किसने अगुआई की थी? किसने रोटियों और मछलियों को बढ़ाया और पाँच हज़ार पुरुषों और स्त्रियों और बच्चों को खिलाया? सारपत की विधवा के तेल और आटे को किसने बढ़ाया ताकि अकाल के समय उसके परिवार को तीन साल तक कोई कमी न हो? गलील के सागर को किसने शांत किया?" वोंग ने कहा, "आपने किया प्रभु,"। "फिर, वोंग, मैंने तुम्हें जो करने के लिए कहा है, उसके लिए आज्ञाकारी बनो। जो तुम्हारे पास है, उसे बांटो, भले ही वह कम हो। आत्मिक रूप से और शारीरिक रूप से, अपने लोगों के लिए मेरे अच्छे विचारों को स्वीकार करो। और मैं तुम्हारे देश को चंगा करूंगा!"

तभी वोंग ने मुर्गे की आवाज़ को सुना। उनकी पत्नी खाँसती हुई उठी और पर्दे को दूसरी तरफ सरकाया। वह मेज पर बैठे थे, लेकिन उनका दीपक बुझ गया था। वह हल्का होता जा रहा था। वोंग ने यीशु के लिए चारों ओर देखा लेकिन वह उसे नहीं दिखे। उन्होने सोचा, "क्या यह मेरा कोई सपना था? क्या यह एक दर्शन था?" वह नहीं जानता था, लेकिन वोंग यह जानते थे कि उनकी मुलाक़ात यीशु से हुई थी और अब उन के पास गरीबों के लिए परमेश्वर की चिंता की एक नई समझ थी ... और इस बात का नया दर्शन था कि अब वह कैसे अपने लोगों को अपने समुदाय में परमेश्वर के प्रेम का प्रदर्शन करने के लिए अगुआई करेंगे।

- पासबान वोंग के समुदाय में पाई जाने वाली कुछ समस्याएं क्या हैं? इन समस्याओं को चार सूचियों में विभाजित करें: आत्मिक, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक।

- इस समुदाय के लिए परमेश्वर का इरादा क्या था? प्रत्येक समस्या को ध्यान से देखें कि यीशु ने किस प्रकार का समाधान दिखाया।

- • यीशु ने पादरी वोंग को क्या करने के लिए कहा था?

पाठ 6: जोस और मारिया का केस अध्ययन

जोस और मारिया का घर अभी जला है; और अब उसमें कुछ भी नहीं बचा था। कल, वे अपने पांच बच्चों के साथ-रिश्तेदारों के वहाँ चले गए। हालांकि, उस छोटे से घर में पहले से ही 10 लोग रहते हैं, इसलिए सात और लोगों के लिए वहाँ जगह नहीं है। जोस एक किसान है, और उसने पहले ही अपना छोटा सा खेत रोपना बंद कर दिया है, लेकिन अभी भी उपज बटोरने में तीन महीने बाकी हैं। उसने अपना सारा धन अपने खेत के लिए बीज लेने में खर्च कर दिया था और जो कुछ उसके पास था वह आग में जल गया।

इस परिवार की कुछ जरूरतें क्या हैं?

समुदाय में मदद करने के लिए कौन सी चीजें उपलब्ध हैं?

- लोग

- सामग्री

- सुविधाएं